सहकारिता को तकनीकी से जोड़ा: सहगल

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने सहकारिता को तकनीकी से जोड़ने का काम शुरू किया है। तकनीकी से बिचौलियों का बाजार खत्म होता है। सहकारिता को तकनीकी से जोड़ने से उत्तर प्रदेश को सहकारिता के क्षेत्र में गुजरात और महाराष्ट्र की तरह शीर्ष पर ले जाने में सफलता मिलेगी।

सहगल ने उपरोक्त बातें शनिवार को सहकार भारती द्वारा सहकारिता भवन में आयोजित 'तकनीकी से सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण' कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना को तकनीक से जोड़कर काम शुरू किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं। फ्लिपकार्ट ने एक साल में एक हजार करोड़ रुपये का सामान ओडीओपी का बेचा है। अमेज़ॉन प्लेटफार्म पर भी बिक्री हुई है।

सहकारिता भवन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते डॉ. नवनीत सहगल।

विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस रजनीश कुमार ने कहा कि फ्लिपकार्ट सदैव सहकारी संस्थाओं, उपभोक्ता भंडार, स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री में सहयोग करता है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष नरेन्द्र उपध्याय, सिंपली देसी मल्टी स्टेट कोआपरेटिव की निदेशक मधुबाला साबू, सहकार भारती के महामंत्री डा. प्रवीण सिंह जादौन उपस्थित थे।